Title: Request to reopen the closed units of the Modern Food Industries at Ujjain in Madhya Pradesh.

डॉ. लक्ष्मीनारायण पाण्डेय (मंदसौर): माननीय अध्यक्ष महोदय, मॉडर्न फूड इंडस्ट्रीज देश का एक बहुत महत्वपूर्ण उद्योग है। लेकिन पिछले कुछ समय से उसमें कुप्रबंध के कारण घाटा होता रहा है और आज ऐसी स्थिति उत्पन्न हो गई है कि दिल्ली, मुम्बई, बंगलौर, जयपुर तथा मद्रास जैसे अलग-अलग स्थानों पर जो अपना प्रतिष्ठान बनाकर उद्योग चलाती थी, प्रतिदिन प्रातःकाल उठते ही मॉडर्न ब्रैड के नाम से सबको ब्रैड देती थी, आज उसके बंद होने की स्थिति आ गई है।

अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं कि मध्य प्रदेश में भी उज्जैन में इसकी दो इकाईयां तेल उद्योग और पौष्टिक आहार उद्योग थीं। वे दोनों बंद हो चुकी हैं। हजारों श्रमिक आज बेकारी की स्थिति में हैं। इंडस्ट्री के पास काफी बड़ी जमीन है, अच्छे संयंत्र हैं। अगर वहां थोड़ा सा पैसा लगा दिया जाए और प्रबंध की व्यवस्था ठीक हो जाए तो दोनों उद्योग फिर से चल सकते हैं और जो श्रमिक बेकारी की स्थिति में हैं उन्हें फिर से काम मिल सकता है। इसलिए मेरा अनुरोध है कि सरकार इस पर ध्यान दे और एक बंद होने वाले उद्योग को बचाया जाए।